राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–79/2024

पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति से जुड़ी हुई समस्याओं को भी सामने लाते हैं–राज्यपाल

पटना, 14 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन, पटना द्वारा दानापुर सगुना मोड़, पटना के समीप मान्या रिसॉट में आयोजित 'पत्रकार सम्मान समारोह, 2024' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति से जुड़ी हुई समस्याओं को भी सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्रदत्त दायित्वों को ठीक ढंग से निभाना हमारा महत्वपूर्ण कर्त्तव्य है। हमें समाज हित में निरंतर अपना योगदान देना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि इस समारोह में सम्मानित होनेवाले व्यक्तियों से अन्य लोगों को समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। जो लोग वास्तव में समाज के लिए कार्य करते हैं, उन्हें किसी प्रकार के सम्मान की चिन्ता नहीं होती है। वे बिना इसकी अपेक्षा किये निरंतर अपना कार्य जारी रखते हैं। परन्तु एक न एक दिन समाज ऐसे लोगों का संज्ञान जरूर लेता है और उन्हें उचित सम्मान भी देता है।

इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले लोगों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को आई०आई०टी०, पटना के निदेशक प्रो० टी० एन० सिंह, एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ० गोपाल कृष्ण पाल आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर दानापुर मंडल के रेल प्रबंधक, श्री जयंत चौधरी, एनडीआरएफ, 9 बटालियन, बिहटा के सीनियर कमान्डेन्ट श्री सुनील कुमार सिंह, ई०एस०आई०सी० के डीन श्री विनय कुमार विश्वास, बिहार स्टेट जर्नलिस्ट एसोसिएशन, पटना के अध्यक्ष श्री अमरजीत शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित थे

....